आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 08.07.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया यात्रा पूरी कर ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रस्थान किया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक, कई महत्वपूर्ण फैसलों पर लगी मुहर ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के पीथमपुर में लियुगोंग इंडिया के नए विनिर्माण संयंत्र का भूमि-पूजन किया।
- दिल्ली में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अल नीनो को लेकर की समीक्षा बैठक, कहा, अच्छी बारिश से वर्षा की कमी वाले जिलों की संख्या घटी।

**पीएम मोदी- प्राम्बानन मंदिर संबोधन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने छह दिवसीय विदेश दौरे के पहले चरण के तहत इंडोनेशिया की सफल यात्रा पूरी कर दूसरे चरण के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गए हैं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने खुद एयरपोर्ट पर उन्हें विदाई दी। इस दौरे में 'ब्रह्मोस' और 'अस्त्र' मिसाइल प्रणालियों से जुड़े रक्षा समझौते हुए, जिससे दोनों देशों के बीच सामरिक और रक्षा सहयोग को नई मजबूती मिली है। ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने योग्यकार्ता स्थित करीब एक हजार साल पुराने प्रम्बानन मंदिर में पूजा-अर्चना की और राष्ट्रपति प्रबोवो के साथ मिलकर मंदिर के पुनर्स्थापन प्रोजेक्ट का उद्‌घाटन भी किया। इस दौरान उन्होंने भगवान शिव से अपने आध्यात्मिक जुड़ाव का जिक्र करते हुए वडनगर, सोमनाथ और काशी विश्वनाथ का उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि केदारनाथ धाम, उज्जैन महाकाल लोक के बाद अब प्रम्बानन मंदिर के पुनर्निर्माण से जुड़ना उनके लिए बड़े सौभाग्य की बात है।

**उपराष्ट्रपति ओडिशा दौरा**

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन कल ओडिशा जाएंगे। वे भुवनेश्वर में समुद्री मत्स्य संसाधनों से जुड़ी योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। ओयूएटी में गहरे समुद्र में मछली पकड़ने से जुड़े दस्तावेज का लोकार्पण भी होगा। इसके बाद वे नाइसर के पंद्रहवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। यह समारोह खोरधा में आयोजित किया जाएगा।

**सीएम कैबिनेट बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद प्रदेश के MSME मंत्री चैतन्य कश्यप ने बताया कि सरदार सरोवर बांध परियोजना की लागत को लेकर तीन दशक से लंबित विवाद सुलझ गया है, जिसके तहत अब मध्य प्रदेश गुजरात को 217 करोड़ रुपए का भुगतान करेगा। इसके अलावा कैबिनेट ने प्रदेश के सभी जिलों में छोटे आईटी पार्क विकसित करने के साथ ही डेटा सेंटर उन्नयन के लिए 800 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी। वहीं उज्जैन के निकट डोंगला वेधशाला के विकास कार्यों के लिए 39 करोड़ रुपए और 'नमो हरित नगर योजना' के तहत पांच वर्षों में 100 करोड़ रुपए से नगर वन विकसित करने का निर्णय भी लिया गया।

**सीएम धार में प्लांट का भूमिपूजन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में लियुगोंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नए विनिर्माण संयंत्र का भूमि-पूजन किया। चीन की अग्रणी निर्माण उपकरण कंपनी गुआंग्शी लियुगोंग मशीनरी की भारतीय इकाई 272 करोड़ रुपये के निवेश से यह संयंत्र स्थापित कर रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नया संयंत्र लगभग 20 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में यहां हर साल 6 हजार 500 निर्माण उपकरणों के उत्पादन की क्षमता होगी, जिसमें मुख्य रूप से एक्सकेवेटर बनाए जाएंगे।

**अमित शाह- हवाई अड्डों की समीक्षा**

गृह मंत्री अमित शाह ने आज हवाई अड्डों की सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू के साथ यह बैठक की। श्री शाह ने सभी हवाई अड्डों पर स्वचालित एक्स-रे ट्रे सिस्टम लगाने के निर्देश दिए। एयरोब्रिज और बैगेज ड्रॉप सुविधा बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि 2027 तक सभी राज्यों में विदेशी पंजीकरण कार्यालय शुरू होंगे। अगरतला और जेवर हवाई अड्डों पर जल्द आव्रजन जांच चौकी शुरू करने को भी कहा गया है।

**अल नीनो बैठक**

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में वर्षा की स्थिति पर जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में अच्छी बारिश हुई है। इससे वर्षा की कमी वाले जिलों की संख्या 262 से घटकर 178 रह गई है। नई दिल्ली में अल नीनो के प्रभाव पर हुई समीक्षा बैठक में श्री चौहान ने बताया कि जून में तैंतीस प्रतिशत वर्षा की कमी थी, जो जुलाई में घटकर चौबीस प्रतिशत रह गई है। उन्होंने

कहा कि अब तक लगभग 350 लाख हेक्टेयर में खरीफ बुवाई हो चुकी है, जो पिछले साल से कम है। मंत्री ने किसानों को मक्का, बाजरा और मूंग जैसी कम पानी वाली फसलें बोने की सलाह दी गई है।

**धार में जमीन अतिक्रमण से मुक्ति**

धार वन मंडल ने जनवरी से मई 2026 के बीच वन भूमि संरक्षण अभियान चलाकर करीब 590 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। सबसे ज्यादा जमीन बाग परिक्षेत्र में छुड़ाई गई, इसके बाद धार, टांडा, मांडव, सरदारपुर, कुक्षी और धामनोद का नंबर आता है। इस मुक्त कराई गई जमीन पर अब सागौन के पौधे लगाकर पुनर्वनीकरण किया जा रहा है, जिसके लिए कर्मचारियों को खास ट्रेनिंग भी दी गई है।

**आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन समीक्षा**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज मंत्रालय में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के कामकाज की समीक्षा की। सीईओ आयुष्मान अरविंद कुमार शाह ने बताया कि प्रदेश में अब तक करीब 5 करोड़ 86 लाख आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं, जबकि लगभग 20 हजार अस्पताल और 18 हजार डॉक्टर-नर्स डिजिटल रजिस्ट्री से जुड़ चुके हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि प्रदेश के 533 अस्पतालों में स्कैन एंड शेयर सुविधा से अब तक एक करोड़ से ज्यादा ओपीडी टोकन जारी किए जा चुके हैं।

**प्रवेश मेला**

प्रदेश के सभी शासकीय, अशासकीय और निजी महाविद्यालयों में रिक्त सीटों पर ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग 8 से 15 जुलाई तक "प्रवेश मेला" आयोजित कर रहा है। यह हर दिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इसमें विद्यार्थियों को एक ही जगह पंजीयन, चॉइस फिलिंग, दस्तावेज सत्यापन और शुल्क भुगतान जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

**दवा दुकानों पर सख्ती**

राजधानी भोपाल में दवा दुकानों पर सख्ती की गई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने शहर के कई मेडिकल स्टोर्स की अचानक जांच की। जांच में गड़बड़ी मिलने पर 32 मेडिकल स्टोर्स पर कार्रवाई हुई है। बिना फार्मासिस्ट दवा बेचने वाले दो स्टोर्स का लाइसेंस रद्द किया गया। डॉक्टर के पर्चे के बिना दवा बेचने पर एक स्टोर का लाइसेंस भी निरस्त हुआ है। इसके अलावा आठ स्टोर्स के लाइसेंस सस्पेंड कर 21 दुकानदारों को नोटिस दिया गया है।

**कैनो स्प्रिंट के खिलाड़ियों का चयन**

भोपाल में भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से दो कैनो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। एल. नेहा देवी और हर्षवर्धन सिंह शक्तावत अब भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। दोनों खिलाड़ी 2026 आईसीएफ कैनो स्प्रिंट और पैरा कैनो वर्ल्ड कप में खेलेंगे। यह प्रतियोगिता नौ से बारह जुलाई तक कनाडा के मॉन्ट्रियल शहर में होगी। कैनो स्प्रिंट एक रोमांचक और प्रतिस्पर्धी जल क्रीड़ा है, जिसमें एथलीट शांत या समतल पानी पर विशेष रूप से डिज़ाइन की गई नावों में एक सीधी रेखा में कम दूरी की रेस लगाते हैं।

संक्षिप्त समाचार

- श्योपुर कलेक्टर शीला दाहिमा ने जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर सभी बेड पर बच्चों को भर्ती करने और फायर सेफ्टी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।
- खंडवा के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में भारतीय शिक्षा दिवस पर 'भारतीय ज्ञान परंपरा एवं चरित्र निर्माण' विषय पर प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन प्रो. रामकुमार शर्मा ने 'नागानन्द' नाटक की पृष्ठभूमि और रस-सिद्धांत पर व्याख्यान दिया।
- देवास जिला चिकित्सालय में 'विश्व क्लबफुट माह' के तहत जन्मजात पैर के तिरछेपन से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उनका मुफ्त इलाज किया जाएगा।
- आगरमालवा कलेक्टर प्रीति यादव ने 14 जुलाई से शुरू होने वाले 'दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान' को गंभीरता और आपसी समन्वय से संचालित करने के निर्देश दिए।
- सीहोर में सेफ क्लिक अभियान 2.0 के तहत आज भेरूंदा स्थित शासकीय गर्ल्स स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।
- अशोकनगर जिले में स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत समस्त हैंडपंप और कुआं में क्लोरिनेशन किया गया ।
- शिवपुरी में विद्यार्थियों को रोजगारपरक और उच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कई नवाचारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।
- झाबुआ कलेक्टर ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय पिपलिया पारा रोड और आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।